## एक नजर में

### जो झूठा खाता है, वह आपका पुण्य खाता है : पं. अर्जुन गौतम

**सोनकच्छ।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री नागेश्वर धाम एनाबाद में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास परम पूज्य पंडित अर्जुन गौतम जी महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि जो झूठा खाता है, वह आपका पुण्य खाता है, इसलिए किसी को भी झूठा भोजन नहीं खिलाना चाहिए। कथा के दौरान पंडित गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोचारण लीला एवं गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा वास्तव में प्रकृति पूजा का प्रतीक है। सनातन धर्मावलंबी नदी, वृक्ष, वनस्पति, धरती एवं पर्वत की पूजा करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापर युग में गोवर्धन पर्वत की पूजा कराकर ब्रजवासियों को प्रकृति से जुड़ने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। कथा प्रारंभ होने से पूर्व व्यासपीठ का पूजन बीकानेर के संत स्वामी श्री श्रीधरानंद जी महाराज, श्री नागेश्वर धाम के पडियार ठाकुर जितेंद्र सिंह गोहिल, गोकुलसिंह गोहिल, सरकार सिंह गोहिल आदि श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। आयोजन समिति के दीपक नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा में विश्राम आरती से पूर्व क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर उपस्थित हुए एवं व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी करने का आह्वान किया।

### भीषण गर्मी में राहत और स्वास्थ्य सुरक्षा का सहारा बना डीबीसीपीएल, वर्टिस फाउंडेशन का मानवीय अभियान

**भौंरासा।** मध्यप्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय यात्रा करना अत्यंत कठिन हो गया है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में देवास भोपाल कॉरीडोर प्राईवेट लिमिटेड ङ्क वर्टिस फाउंडेशन सी एस आर प्रबंधन द्वारा मानव सेवा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। डी बी सी पी एल के भौरासा टोल प्लाजा पर राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए ठंडे एवं शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है.

# कांटाफोड़ पुलिस ने किया लूट का खुलासा

▶ दो आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन किया जब्त

**कांटाफोड़ ।** आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत पुलिस ने वाहन लूट के आरोपी को पकड़कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी से वाहन भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी दीपक पिता सुरेश मीणा जाति देशवाली (24) निवासी बुरट थाना कांटाफोड़ जिला देवास के द्वारा सूचना दी गई कि 6 अप्रैल को मैं अपने घर से स्कूटी द्वारा रात करीबन 11.00 बजे इंदौर जा रहा था, जैसे ही कालापाठा धनतलाब घाट के बीच में पहुंचा, तो तीन अज्ञात व्यक्ति आए और फरियादी से उसकी स्कूटी छिन कर ले गये। रिपोर्ट क्रमांक 126/2026 धारा 309(6) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीयान की शीघ्र पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय देवास पपुनीत गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कन्नौद सौम्या जैन, एसडीओपी अनुभाग बागली संजय सिंह बेस द्वारा लगातार निर्देश प्राप्त हुये जो थाना प्रभारी अराधना रायकवार द्वारा आरोपी और लुट मे गये माल की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया। जो पुलिस द्वारा प्रकरण कि गंम्भीरता को देखते हुए घटना स्थल मे आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे कैमरे से आरोपी स्वयं को सुरक्षित नहीं रख पाये जो तीसरे नेत्र कि सतत निगरानी करते हुये तीन संदिग्ध कि तलाश मे नेमावर से खुड़ैल तक सीसीटीवी कैमरों में उक्त तीनों आरोपी कैद हुए। करीबन 120-130 किलोमीटर के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया गया जिसके आधार पर उक्त तीनों कि लोकेशन इन्दौर में मिली, जो तुरन्त गठित पुलिस टीम द्वारा इन्दौर से एक लड़का और एक लडकी को अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम धीरज पिता संतोष धनोरे जाति हरिजन उम्र-21 साल निवासी वार्ड नम्बर 01 साततलाई नेमावर हाल गली नम्बर 19 मयूर नगर मुसाखेडी थाना आजादनगर इन्दौर और दूसरे का नाम सोनू पिता कुंदन सोलंकी जाति भिलाला उम्र-23 साल निवासी ग्राम लिंगवा राजपुर बडवानी का होना बताया पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुजेट के आधार पर पूछताछ करते उक्त दोनो द्वारा अपने एक अन्य साथी अंकित पिता सुरेश पस्तोर जाति ब्रहाम्ण निवासी डांग बरोदा थाना तालेबड जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश के साथ मिलकर लूट कि घटना किया जाना स्वीकार किया। घटना मे चोरी गई हीरो डेस्टिनी गाड़ी कीमत करीब 90 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसायकल कीमती 1 लाख 50 हजार रुपए जब्त की गई। आरोपी धीरज और सोनू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जो आरोपी धीरज का अन्य मामलों में भी संलिप्त होने कि सम्भावना के चलते पुलिस रिमांड चाहा गया है।

> प्रकरण के एक अन्य आरोपी अंकित कि तलाश जारी है। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी अराधना रायकवार, उनि विनय सिंह बघेल, प्रआर.यतीश तिवारी, प्रआर. शिव कुमार, प्रआर सचिन चोहान(सायबर सेल देवास), आर. दिलिप बेडवाल, आर्. शमशीर, म.आर रेखा बडोले कि सराहनीय भूमिका रही । थाना प्रभारी द्वारा आपरेशन त्रिनेत्रम मे लगाये गये कैमरो के संबध मे नागरिको का आभार व्यक्त किया।

## अधूरे न छूटें विकास कार्य, लोहारदा में सीएमओ के ट्रांसफर का विरोध तेज

**लोहारदा। सतीश घावरी के संभावित स्थानांतरण की खबर सामने आते ही नगर के विभिन्न वार्डों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। वहीं कई जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय रहवासियों ने इसे लेकर चिंता व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि ऐसे समय में जब नगर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य गति पकड़ चुके हैं, तब उनका स्थानांतरण विकास कार्यों की रफ्तार को प्रभावित कर सकता है।**

नगरवासियों के अनुसार, उनके कार्यकाल में लंबे समय से लंबित कई कार्यों को नई दिशा मिली। हयडी रोड, बैकलिया बालाजी मंदिर मार्ग, बस स्टैंड क्षेत्र सहित कई वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर शुरू हुए कार्यों को लोग नगर के विकास की दृष्टि से अहम मान रहे हैं। खासतौर पर वार्ड क्रमांक 9, 10, 13, 14 और 15 के रहवासियों का कहना है कि जिन समस्याओं को वर्षों तक केवल आश्वासनों तक सीमित रखा गया, उन पर पहली बार प्राथमिकता के साथ काम होता दिखाई दिया।

रहवासियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और सड़क निर्माण जैसे मुद्दों पर पिछले कुछ समय में जमीन स्तर पर बदलाव महसूस किया गया है। कई नागरिकों ने यह भी कहा कि अधूरे पड़े कार्यों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास उनके कार्यकाल में देखने को मिला, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी कि नगर की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान हो सकेगा। स्थानांतरण की चर्चा के बाद अब नगर में उनके स्थानांतरण को रोकने की मांग भी तेज होती जा रही है।

## बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

भौरासा। आज सोमवार को कांग्रेस कमेटी ने तीव्र गर्मी में अघोषित बिजली कटौती को लेकर विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री मंसूर अली को ज्ञापन सौपा, कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन का वाचन कर कहां की क्षेत्र में लोड सेटिंग के नाम पर अघोषित बिजली कटौती हो रही है जिससे बच्चे महिलाएं और आमजन काफी परेशान है उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग अपनी मनमानी से कभी भी लोड सेटिंग के नाम पर घंटो बिजली काट रहा है कांग्रेस नेताओ ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि बिजली कटौती को जल्द से जल्द बंद नहीं किया गया तो एक जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी बिजली विभाग की रहेंगी इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव सहित नगर कांग्रेस, युवक कांग्रेस किसान कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षद गण सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे,,,।

## अघोषित विद्युत कटौती को लेकर एक के बाद एक दो समूह ने सौंपा ज्ञापन

**बागली।** बागली विकासखंड से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय अघोषित विद्युत कटौती को लेकर बागली अनुविभागीय कार्यालय में दो अलग-अलग समूह एक ही समस्या को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे। पहले समूह में आसपास के 10 से 12 गांव के लोग बगैर बैनर के आम नागरिक की हैसियत से विद्युत कटौती समस्या लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उन्होंने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय बगैर सूचना के विद्युत कटौती करना उचित नहीं है। यदि विद्युत मेंटेनेंस व्यवस्था करना है तो वह कटौती दिन में कर दी जाए। वह भी सूचना देकर इसी दौरान थोड़े समय अंतराल बात बागली ब्लॉक कांग्रेस द्वारा इसी स्थान पर बड़ी संख्या में आकर ज्ञापन प्रस्तुत किया। कांग्रेस पार्टीदिए गए ज्ञापन में कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने भी विद्युत विभाग की गलतियों को चिन्हित करते हुए बताया कि वर्तमान में गर्मी का मौसम है ऐसे में रात्रि में विद्युत कटौती के चलते दिनभर मजदूरी करने वाले मजदूर वर्ग और किस वर्ग उचित तरीके से आराम नहीं कर पाते। कुछ गांव में जानबूझकर लंबे समय तक कटौती करने से पानी की समस्या भी सामने आ रही है।

## जलगंगा और शब्दगंगा के संग शुरू हुआ संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव

### 151 कलशों की भव्य यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**देवास। अधिकमास के पावन अवसर पर नगर की सुख-समृद्धि एवं धर्म-पुण्यार्जन की कामना के साथ आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। पहले दिन जलगंगा (गंगापूजन) और शब्दगंगा (श्रीमद्भागवत कथा) का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन मुक्ति मार्ग स्थित महाराष्ट्र समाज धर्मशाला में किया जा रहा है। औदुंबर वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि महोत्सव के शुभारंभ पर प्रातःकाल वैदिक विधि-विधान से गणेश पूजन, शांतिपाठ एवं देवताओं का आव्हान किया गया। वैदिक आचार्य पंडित मनीष पाठक एवं विप्र वैदिकों के मंत्रोच्चार के बीच श्रीमद्भागवत महापुराण के मुख्य यजमान श्रीमती सीमा महेंद्र दुबे द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।**

**गंगापूजन के साथ निकली भव्य कलश यात्रा-** प्रातः 9 बजे प्राचीन शनि मंदिर, मीरा बावड़ी से गंगापूजन के साथ विशाल कलश यात्रा प्रारंभ हुई। देवी गंगा का स्मरण कर पूजित कलशों को लेकर निकली यह शोभायात्रा तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए महाराष्ट्र समाज धर्मशाला पहुंची।

**151 मातृशक्तियों ने बढ़ाई यात्रा की शोभा-** कलश यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण 151 मातृशक्तियां रहीं, जिन्होंने एक समान आकर्षक परिधान धारण कर सिर पर कलश रखे और अनुशासित रूप से यात्रा में सहभागिता की। भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। वहीं युवा वर्ग बैंड-बाजों और भक्ति संगीत की धुनों पर उत्साहपूर्वक झूमता नजर आया।

### कथा के प्रथम दिवस में भागवत महिमा का वर्णन

कलश यात्रा के पश्चात दोपहर में भागवताचार्य पंडित डॉ. दीपेश पाठक ने संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया। कथा के प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा, महत्व एवं श्रवण के पुण्य फल का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान का स्रोत है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह जैसे विकारों का नाश होता है। भागवताचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में भागवत कथा समाज को प्रेम, सद्भाव, सेवा और संस्कारों का संदेश देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा को केवल सुनने तक सीमित न रखकर उसके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## किसान कांग्रेस कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

**भौंरासा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान से प्राप्त अनुमोदन एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह जी वर्मा व वरिष्ठ नेताओं की सहमति से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने देवास जिला किसान कांग्रेस कमेटी में नियुक्तियां की गई।

नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्य कालू गुर्जर जिला महामंत्री, उमेश धाकड़ जिला महामंत्री, लीलाधर चौधरी जिला सचिव, अर्जुन गुर्जर जिला सचिव, गुरु चरण गुर्जर जिला सचिव, के पद पर बनाया गया इनकी नव नियुक्ति होने पर टोल टैक्स स्थित महाकाल रेस्टोरेंट पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, जिला महामंत्री दिलीप यादव, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, रमेश चंद्र गुर्जर राजीव गांधी पंचायत समिति जिला उपाध्यक्ष, पार्षद अबरार गाँधी,पार्षद अबजल मंसूरी, पार्षद संदीप चावड़ा, मंडलम अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, मंडलम अध्यक्ष मनोहर यादव, कैलाश यादव, रणवीर सिंह गौड़, अर्जुन यादव, राजेंद्र पटेल, लकी यादव, नितिन यादव, राजेंद्र यादव, शुभम गुर्जर , द्वारा नवनियुक्त किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनकर व कांग्रेस का दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बागली में जल गंगा संवर्धन अभियान में ननद-भाभियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**बागली।** गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को बागली नगर में प्राचीन जल स्रोत कुंडियों के आसपास की सफाई की गई। महिलाओं एवं नागरिकों को पानी बचाने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान मातृशक्ति से जुड़ी महिलाओं ने साफ सफाई के साथ-साथ पूजा पाठ करते हुए कलश यात्रा भी निकाली बागली के वार्ड क्रमांक 12 में त्रिवेणी वृक्ष संगम स्थान आधारित जल स्रोत के आसपास गांव की बेटियो एवं बहुवो ने मिलजुल कर साफ सफाई की यह दृश्य सामाजिक समरसता का प्रतीक भी रहा वार्ड क्रमांक 12 के वरिष्ठ समाजसेवी दिलीप राठौड़ ने बताया कि भाभी और नंनदें एक साथ काम कर रही है । यह बहुत अच्छी बात है वरना अधिकतर घरों में नंनद एवं भाभियों में पटती नहीं है, लेकिन गंगा दशहरा अवसर पर यह दोनों रिश्ते मिलकर कार्य कर रहे हैं जो खुशी की बात है।

## संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न ...

▶ जैन समाज ने ज्ञापन सौंप कड़ी कार्रवाई की मांग की

**सोनकच्छ।** हाल में ही मध्य प्रदेश के रीवा में जैन साध्वी विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई अत्यन्त दुखद घटना संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। जिससे समग्र जैन समाज को गहरा आघात पहुंचा है। समाज जन का कहना है कि जो स्वयं निहत्थे होकर भी मानवता को अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, उनकी सुरक्षा करना समाज और शासन - दोनों का नैतिक दायित्व है। क्योंकि संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है।

जैन संतों के विहार के दौरान हो रही दुर्घटनाओं या शांति भंग करने के उद्येश्य से मार्ग में संतों पर हो रहे अत्याचारों की समाज घोर निंदा करता है। जैन समाज शासन से मांग करता है कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। साथ सुनियोजित कृत्य व षड्यंत्र के तथ्य मिलें, तो कठोर धाराएं लगाई जाएं । इस हेतु जैन समाज जन सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे महावीर जिनालय से मौन रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा को कलेक्टर, एसपी, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन नीतेश बाकलीवाल ने किया। ज्ञापन में उल्लेख किया कि, विहाररत साधु-संतों की सुरक्षा हेतु संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाएं। विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक, हाईवे व भीड़भाड़ क्षेत्रों में विशेष सावधानी सुनिश्चित की जाएं।

## माली मोहल्ला में चोरी के वीडियो फुटेज में दिखे तीन बदमाश

**बागली।** बागली नगर के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी राजा अजमेरा के यहां सोमवार तड़के 3. 30 बजे तीन अज्ञात चोरों द्वारा 6 लाख रुपए से अधिक की बड़ी चोरी को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के घर के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर चहल कदमी करते हुए दिखाई दे रहे। अन्य वीडियो फुटेज में घर की ओर दरवाजा खोलते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

पीड़ित परिवार की महिला सदस्य रेखा अजमेरा ने बताया कि उनके घर पर उनकी तीन नंनद की रकम एवं उनकी बहू की रकम रखी हुई थी। गोदरेज की आधुनिक अलमारी खोल कर चोरों ने इस घटना अंजाम दिया। लगभग 6 लाख रुपए से अधिक के जेवरात और 90 हजार रुपए की नकदी चोर चुरा ले गए। सुबह 5 बजे नींद खुली तब देखा तो दूसरी मंजिल पर रखी अलमारियों का सारा सामान बिखरा हुआ था। परिवार के सभी सदस्य दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। इस मंजिल पर सोने वाले कमरे के सामने ही अलमारियां रखी थी ।

> जिनके ताले तोड़कर उक्त चोरी की गई परिवार का लड़का गोपी अजमेरा तीसरी मंजिल पर परिवार के साथ सोया हुआ था। राजा अजमेरा ने बताया की उसके कमरे को अज्ञात चोरों द्वारा बाहर से बंद कर दिया गया । प्रथम मंजिल की खिड़की से नकुचा निकाल कर उसे खोलते हुए मुख्य दरवाजे को खोल लिया और ऊपर की ओर दूसरी मंजिल जहां पर अलमारियां रखी थी। वहां पहुंचकर इस घटना को अंजाम दे दिया 100 डायल करके पुलिस विभाग को इसकी सूचना दे दी गई पुलिस विभाग से जांच अधिकारी पर पहुंचे और घटनास्थल का पंचनामा बनाया वार्ड क्रमांक 14 के अन्य रहवासियों ने बताया किइसी दरमियान मोहल्ले की तेजू बाई अजमेरा और गुड्डा अजमेरा के यहां भी ताले तोड़ने की घटना घटी लेकिन कर कुछ ले जा ना सके देर शाम को पीड़ित राजा अजमेर अपने भाई बद्री अजमेर के साथ बागली थाने पर पहुंचे जहां पर खाना कुमारी मनोज सिंह घटना का विवरण लेकर प्रकरण दर्ज कर लिया साथ ही आसपास से मिले वीडियो फुटेज के जरिए चोरों के चेहरे पहचानने की कोशिश जारी है।

## भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती से नाराज किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सतवास।** क्षेत्र में अघोषित बिजली बिजली कटौती को लेकर किसानों और ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने

तहसीलदार और बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लोड सेटिंग के नाम पर गांवों में दिन-रात कई बार बिजली काटी जा रही है, जिससे किसान परिवार, बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं। यूनियन ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री और बिजली विभाग के अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या समाधान की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि दो दिन में सुधार नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल जिनवाणी और ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बांगड़वा मसूरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान सतवास विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे। वहीं बिजली विभाग के अधिकारी बलराजशरण सिंह तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर लोड मैनेजमेंट किया जाता है। किसानों का ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।